ceding two sessions viz. 1994-95 and 1995-96;

(b) whether in some cases, some allegation/detection of forged signatures of MPs and allegedly wrong entitlement have been made during these two sessions; and

(c) if so, the details thereof and the action taken in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCES DEVELOPMENT (SHRI MUHIRAM SAIKIA): (a) The information is being collected and will be placed on the Table of the Sabha.

(b) and (c) Yes, Sir. Kendriya Vidyalaya Sangathan has informed that six cases of forget signatures have been reported which are under- investigation by the Sangathan.

सामान की खरीद में अनियमितताएं

2011. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पिछले तीन वर्षों के दौरान भारतीय रेल के विभिन्न मंडलों में सामान की खरीद में हुए घोटालों की जानकारी है;

(ख) इन घोटालों में कितने अधिकारी दोषी पाए गए हैं और उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है;

(ग) जब्त किए गए सामान की कीमत, गुणवत्ता और श्रेणियों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन घोटालों में कितने अवकाश-प्राप्त अधिकारी लिप्त हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) नियमित रोधक जांचों तथा शिकायतों की जांच पड़ताल के दौरान सामग्री की खरीद में अनियमितताओं के कुछ मामले पकड़े गए हैं;

(ख) 79 अधिकारियों की ओर से चूक नोटिस में आई थी जिसमें से 16 अधिकारियों को पहले ही दंडित किया जा चुका है। 42 अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक एवं अपील नियमों के अन्तर्गत कार्रवाई की गई है. 21 अधिकारियों के विरुद्ध केन्द्रीय सतर्कता आयोग के परामर्श से कार्रवाई करने पर विचार किया जा रहा है।

(ग) ऐसे मामलों में सामान्यतः सामग्रियां वास्तविक रूप से जब्त नहीं की जाती हैं अपितु नोटिस में आई कमी/आधिक्य के संबंध में संयुक्त ज्ञापन रिकार्ड किया जाता है। गुणवत्ता जांचों के मामले में परीक्षण के प्रयोजनार्थ ढेर में से केवल नमूने जब्त किए जाते हैं।

(घ) 19 अधिकारी।

केन्द्रीय विद्यालयों का खोला जाना

2012. **श्री जगन्नाथ सिंह:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में राज्य-वार कितने जिले हैं; और

(ख) क्या प्रत्येक जिले में केन्द्रीय विद्यालय खोल दिए गए हैं?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया) (क) और (ख) केन्द्रीय विद्यालय जिलावार नहीं खोले जाते हैं, वे उन प्रायोजित प्राधिकारियों से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर खोले जाते हैं जो इस प्रयोजनार्थ निर्धारित मानदण्डों को पूरा करते हों।

Smuggling of cattle to Bangladesh.

2013 SHRI ONWARD L. NONGTDU: Will the Minister of ANIMAL HUSBANDRY AND DAIRYING be pleased to state:

(a) whether Government are aware that a large number of cattle are being smuggled to Bangladesh through Meghalaya and Assam;

(b) if so, whether Government propose to capture those markets by opening up few cattle trading centres in the border areas; and

(c) whether (Government propose to meet the demand by giving top priority on animal husbandry in the North-Eastcrn States'?

THE MINISTER OF STATE OF THE DEPARTMENT OF ANIMAL HUSBANDRY AND DAIRYING (SHRI RAGHUVANSH PRASAD SINGH): (a) and (b) Yes Sir, the matter has been taken up with the Government of Bangladesh in a meeting of the Joint Working